भारत सरकार /GOVERNMENT OF INDIA
रेलमंत्रालय/ MINISTRY OF RAILWAYS
आधुनिक रेल डिब्बा कारखाना, रायबरेली
MODERN COACH FACTORY, RAEBARELI

Azadi Ka Amrit Mahotsav

G20 भारत 2023 INDIA

प्रेस विज्ञप्ति

दिनांक 03.04.2023

वित्तीय वर्ष 2022–23 में आरेडिका ने बनाए 1461 कोच

आधुनिक रेल डिब्बा कारखाना रायबरेली में वित्त वर्ष 2022–23 के दौरान आरेडिका ने 1461 कोचों का उत्पादन किया है। इन 1461 कोचों में विभिन्न प्रकार के कोच हैं जैसे– वातानुकूलित 3टीयर, 2टीयर, 3टीयर इकोनोमिक, दीनदयालु, पार्सलवैन, तेजस, ट्रैक रिकॉडिंगकार, एसी चेअरकार, स्लीपर आदि कोचों का निर्माण किया गया है, निर्मित कोचों में से 60 प्रतिशत से अधिक वातानुकूलित हैं, जो निर्माण कार्य की दक्षता और गुणवत्ता को दर्शता है। निर्माण कार्य के अंतर्गत प्रत्येक स्तर पर कार्य की गुणवत्ता और समयबद्धता को बनाए रखने में आरेडिका के विभिन्न विभागों का सामंजस्य रहा है।

पिछले वित्त वर्ष के दौरान आरेडिका ने भारतीय रेल के साथ–साथ मोजाम्बिक रेलवे के लिए भी कोचों का उत्पादन करके अंतरराष्ट्रीय बाजार में अपने कदम को आगे बढ़ाया है। आने वाले समय में जिम्बाबे के लिए भी कोचों के उत्पादन की योजना है। इन निर्माण कार्यों के कारण आरेडिका की कीर्ति विश्व पटल पर स्थापित हुई है।

आरेडिका के महाप्रबंधक श्री प्रशान्त कुमार मिश्रा के ने बताया कि उत्पादन का यह लक्ष्य आरेडिका के प्रधान मुख्य यांत्रिक अभियंता श्री एस.एस.कलसी के मार्गदर्शन और टीम एमसीएफ के कोच उत्पादन के प्रति समर्पण की भावना से संभव हुआ है।

वित्तीय वर्ष 2022–23 में 1461 कोचों का उत्पादन हुआ, जो कि अब तक का तृतीय रिकॉर्ड उत्पादन है। इस अवसर पर श्री मिश्रा ने सभी अधिकारियों, कर्मचारियों और यूनियनों के प्रतिनिधियों, एवं संविदा कर्मचारियों को बधाई दी और आगे भी इसी तरह से कार्य करने के लिए प्रेरित किया।

आरेडिका के प्रधान मुख्य यांत्रिक अभियंता श्री एस.एस.कलसी ने बताया कि, आरेडिका में वर्तमान में भारत गौरव, वन्देभारत ट्रेन सेटस के उत्पादन का कार्य प्रगति पर है और भविष्य में आधुनिकतम कोचों जैसे मेमू , डेमू इत्यादि का निर्माण भी योजनागत है।

(आर. एन. तिवारी) 03/4/2023
मुख्य जन–संपर्क अधिकारी